एक नजर में

मोहनपुरा की लाईन बनी समस्या

राजगढ़ 21 अप्रैल, का. ग्राम खारपुरस निवासी बिरम ने बताया की आवेदक के पास खेती हेतु जमीन है. उक्त जमीन के पास से मोहनपुरा के अंतर्गत पाईप लाईन निकाली जाकर चेम्बर भी बना हैं परन्तु आवेदक को खेती करने हेतु पानी नहीं मिल पा रहा हैं. जिससे आवेदक को खेती करने में काफी परेशानिया हो रही हैं. कलेक्टर द्वारा एमकेपीएमयू को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

25 अप्रैल को आधार नामांकन का अभियान

राजगढ़ 21 अप्रैल, का. जिले के आम नागरिकों के लिए 25 अप्रैल शनिवार को आधार से जुड़े कार्यों के समाधान हेतु विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है. यह अभियान सुबह 08 बजे से सायं 06 बजे तक जिले के प्रमुख डाकघरों में संचालित होगा. इसमें राजगढ़ प्रधान डाकघर सहित ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, कुरावर, जीरापुर एवं खुजनेर उपडाकघर शामिल हैं. अभियान के दौरान नागरिक अपने आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन जैसे नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट आसानी से करवा सकेंगे. यह सुविधा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी. 25 अप्रैल को होने वाले इस विशेष अभियान के लिए 23 व 24 अप्रैल को संबंधित डाकघरों में टोकन वितरित किए जाएंगे.

जाट समाज का विवाह सम्मेलन संपन्न

पड़ाना 21 अप्रैल, सं. आखा तीज का दिन और ग्रामीण अंचलों में शादी-ब्याह की रौनक देखी गई. नगर के समीप ग्राम रामपुरिया खेड़ा में जाट समाज का आठवां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया. यहां 8 नवयुवक दंपतियों ने वैदिक मंत्रोच्चार और सात वचनों के साथ जीवनभर सुख-दुख में साथ निभाने का संकल्प लिया. सम्मेलन की अध्यक्षता नारायण जाट ने की. उपाध्यक्ष भैरू सिंह जाट, महेश जाट, जितेंद्र चौधरी, पवन जाट, कैलाश चौधरी, रवि जाट, विशाल जाट, सुभाष, सुरेश,दिनेश, संजय जाट, सुरेश जाट समेत समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे.

सिविल सर्विसेज डे पर सुशासन को नई मजबूती

राजगढ़ 21 अप्रैल, का. स्वर्ण जयंती सभागार, प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में सिविल सर्विसेज डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की। इस दौरान सुशासन, पारदर्शिता एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का यह अवसर प्रशासनिक अधिकारियों के लिए प्रेरणादायक रहा.

जमीन बेचना है

2 बीघा जमीन कचनारिया टोल प्लाजा धर्म काटा से लगी भूमि बाईपास ब्यावरा से 2 किमी भोपाल रोड नेशनल हाईवे क्रमांक 46 पर फ्रंट लगभग 300 फीट स्कूल कॉलेज दुकान होटल बिजनेस हेतु उपयुक्त डिमांड 2.5 ढाई करोड़ रूपये.
मो. नं. - 7803874337
बिल: 26 अप्रैल

हादसों का अमंगलवार : 4 की मौत, 4 घायल

पड़ाना के समीप सड़क दुर्घटना में दो की मौत, करनवास में ऑटो चालक ने प्राण गंवाए, सुठालिया में महिला की जान गई

पड़ाना में एक साल में दो बेटों खो दिया बूढ़े बाप ने

नवभारत न्यूज

पड़ाना 21 अप्रैल, सं. पड़ाना कस्बे में उस खबर से मातम पसर गया जब लोगों को पता चला कि एक बूढ़े बाप ने एक साल के भीतर ही अपने दूसरे जवान बेटे को खो दिया. मंगलवार को बुडनपुर करौंदी के पास बोलेरो और मोटरसाइकिल में भिड़ंत में एक 35 वर्षीय पुजारी परिवार के युवक सहित दो की मौत हो गई. युवक स्वयं अशोक शर्मा भी पूजापाठ आदि काम करते थे.

हादसे में अर्जुन आशारेटा सहित एवं एक अन्य व्यक्ति जो कि अलुनी निवासी गंभीर घायल हो गए है. पडाना पुलिस ने तत्काल मौके से अस्पताल भिजवाया है. जानकारी के अनुसार सारंगपुर थाना अंतर्गत करौंदी बुडनपुर के पास तलेन-पडाना रोड एक बोलेरो वाहन रजिस्ट्रेशन क्रमांक एमपी 42जी 5987 द्वारा एक मोटरसाइकिल नंबर एमपी 42 एमपी 6330 को टक्कर मार दी गई. जिससे दो व्यक्ति सवार थे मौके पर ही दोनों की मृत्यु हो गई. मृतकों में अशोक पिता मानकलाल शर्मा ग्राम पडना एवं नवीन पिता तुलसीराम नायक उम्र 28 साल निवासी ग्राम अलूनी थाना पचोर शामिल है. वहीं बोलेरो चालक अर्जुन पिता मुंशीलाल परमार निवासी आशारेटा भी घायल हैं. घायल अर्जुन को प्राथमिक उपचार बाद इंदौर इलाज हेतु ले गए. मृतकों के शव को पीएम हेतु मर्चुरी रूम में रखवा दिया गया है.

1 साल में दूसरे बेटे को खोने वाले पिता को देख रो पड़े पड़ानावासी

वृद्ध पुजारी माणकलाल शर्मा शाजापुर जिले के कोटरी गांव के निवासी है.

करीब 50 वर्ष पूर्व अपने परिवार के साथ वे पड़ाना आकर रहने लगे थे. वे पुजारी है पूजा अनुष्ठान कर अपना घर चलाते है. उनके 4 बेटे है. सबसे बड़े बेटे गजानन शर्मा की करीब 17 साल पहले मौत हो गई थी. वे भी पंडिताई का काम करते थे. जबकि पिछले साल उनके तीसरे बेटे वृंदावन शर्मा की मौत हुई और इसके बाद मंगलवार को हादसे में उन्होंने अपने सबसे छोटे बेटे अशोक शर्मा को खो दिया. उनके एक और पुत्र है कैलाश शर्मा जो कि धार में रहते है. अपने 4 में से 3 पुत्रों को खो देने वाले माणकलाल शर्मा का दर्द देखकर पूरा पड़ाना कस्ब गमगीन हो गया.

शादी से लौट रहे दम्पति को टक्कर मारी, महिला की मौत, पति घायल

नवभारत न्यूज, सुठालिया 21 अप्रैल, का. ब्यावरा-सिरोंज मार्ग पर एक बाइक की टक्कर से एक अन्य बाइक सवार महिला की मौत हो गई. जबकि पति घायल हो गया. जानकारी के अनुसार बाईक सवार दम्पति को एक बाईक ने जोर की टक्कर मार दी. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 9 बजे के लगभग सुठालिया के पहाड़गढ़ रोड निवासी मुकेश वर्मा अपनी पत्नी राधाबाई उम्र 35 वर्ष के साथ बाईक द्वारा ब्यावरा के पास से शादी समारोह से लौटकर सुठालिया आ रहे थे. इसी दौरान ब्यावरा-सिरोंज मार्ग पर ग्राम मोठबढली के समीप नायरा पेट्रोल पम्प के पास पीछे से आ रही बाइक एमपी 39 एमटी 4630 के चालक ने जोर की टक्कर मार दी. दुर्घटना में पत्नी राधाबाई उछलकर दूर जा गिरी और सिर में गंभीर चोट आने पर परिजन महिला को ब्यावरा उपचार हेतु चिकित्सालय लेकर आये जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना में पति मुकेश वर्मा को मामूली चोट आई है, वहीं घटना के बाद से बाइक सवार फरार हो गया. मंगलवार सुबह स्थानीय चिकित्सालय में पीएम के बाद परलापुरा के मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया.

टक्कर के बाद डिवाइडर से टकराया ऑटो, चालक की मौत

नवभारत न्यूज, करनवास/ब्यावरा 21 अप्रैल, सं. करनवास थानंतर्गत सोमवार की देर रात को हुए एक सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई जबकि ऑटो में सवार एक अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर दूधी नदी पुल के समीप सोमवार की रात्रि करीब 9 .20 बजे तेज रफ्तार वाहन ने जा रहे ऑटो को जोर की टक्कर मार दी. हादसे में ऑटो चालक ने गंभीर चोट के चलते मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं एक अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गया. ग्राम समेली निवासी राज पिता नन्दकिशोर शर्मा उम्र 21 वर्ष ऑटो द्वारा ब्यावरा से किराना सामान लेकर वापस अपने गांव लौट रहे थे. ऑटो को भंवरलाल पिता स्व प्रभुलाल नामदेव उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम दूधी हाल निवासी ग्राम माधौपुरा चला रहे थे. नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार, ओव्हर लोडिंग और रात के समय वाहनों की लापरवाही के कारण प्राय: दुर्घटनाएं हो रही है. दूधी पुल के आसपास भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है. यहां सुरक्षा उपायों की कमी बनी हुई है. दुर्घटना में ऑटो चालक ने गंभीर चोट के चलते मौके पर ही दम तोड़ दिया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोर की थी कि ऑटो में सवार लोग संभल भी नहीं सके. घायल युवक राज को नागरिकों द्वारा तुरंत ब्यावरा के अस्पाताल लाया गया.

तीन सड़क हादसे, चार घायल

खिलचीपुर 21 अप्रैल, सं. नगर में सोमवार की रात्रि को तीन सड़क हादसों में 4 लोगों के घायल होने के समाचार है. सभी घायलों को खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सभी खतरे से बाहर है लेकिन एक व्यक्ति के पैर में ज्यादा चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है. वहीं बाकी तीन का इलाज अस्पताल में जारी है. एक घटना में नगर परिषद के पास पैदल घर जा रहे कमल विश्वकर्मा आयु 35 वर्ष को एक अज्ञात कार ने टक्कर मार दी. दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया. युवक के चेहरे पर चोट आई है. वहीं दूसरा हादसा समीपस्थ ग्राम ढाबली में हुआ. यहां पास के ही लुहारी गांव निवासी रामेश्वर विश्वकर्मा 32 समारोह में गया था.

इसी दौरान एक बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया. उसके सिर में चोट आई है और उसे रात में अस्पताल में भर्ती कराया गया. तीसरी घटना बिजासन माता मंदिर के पास हुई, जहां दो बाईक आपस में टकरा गईं. इस हादसे में विजेंद्र सिंह के पैर में गंभीर चोट आई, जिसके चलते उसे राजगढ़ रेफर किया गया. वहीं दूसरे बाइक सवार शाकिर बोहरा के सिर में चोट आई है और उसका इलाज खिलचीपुर अस्पताल में जारी है.

महिला ने परित्यक्ता पेंशन की मांग रखी

राजगढ़ 21 अप्रैल, का. तहसील नरसिंहगढ़ निवासी उषा जाटव ने बताया कि आवेदिका को परित्यागता पेंशन स्वीकृत नहीं हो रही हैं. आवेदिका अपने पति के साथ 4 वर्षो से साथ नहीं रह रही है. कलेक्टर द्वारा सीएमओ नरसिंहगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

सिविल सेवा दिवस पर विद्यार्थियों ने लिया मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 21 अप्रैल, का. राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्वामी विवेकानंद विद्यालय, राजगढ़ के विद्यार्थियों ने जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से भेंट कर प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त किया. इस दौरान विद्यार्थियों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी तथा डिप्टी कलेक्टर ज्योति बगवैया से मुलाकात की. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली.

एक विद्यार्थी द्वारा अच्छा इंसान बनने की इच्छा व्यक्त करने पर उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि जीवन में किसी भी पद पर पहुँचने से पहले अच्छा नागरिक और जिम्मेदार व्यक्ति बनना सबसे जरूरी है. इसके बाद विद्यार्थी पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से मिले. उन्होंने बच्चों के साथ चर्चा करते हुए राष्ट्रीय प्रतीक और तिरंगे के महत्व की जानकारी दी. साथ ही लर्निंग बाय डूइंग को बेहतर सीखने का माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को व्यवहारिक शिक्षा अपनाने की सलाह दी. विद्यार्थियों ने डिप्टी कलेक्टर ज्योति बगवैया से भी मुलाकात की.

आवेदक ने रखी पीएम आवास की मांग

नवभारत न्यूज, राजगढ़ 21 अप्रैल, का. जनसुनवाई में ग्राम भ्याना निवासी देवीलाल वर्मा ने बताया कि आवेदक के बहुत गरीब हैं. आवेदक को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं. कलेक्टर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

80 जोड़ों का पाणिग्रहण होगा विवाह सम्मेलन में

लववंशी समाज का विवाह सम्मेलन 1 मई को

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 21 अप्रैल, का. समीपस्थ ग्राम बड़ोदिया जागीर में आगामी 1 मई को लोधा लववंशी समाज का 39 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. इसे लेकर मंगलवार को विंध्यवासनी माता बड़ली मंदिर पर एक बैठक का आयोजन किया गया.

बैठक में सर्वसम्मति से इंदर सिंह लववंशी को सम्मेलन का अध्यक्ष चुना गया. अध्यक्ष नियुक्त होने पर लववंशी ने कहा कि यह आयोजन समाज को जोड़ने और सशक्त बनाने का एक माध्यम है, जिसमें सभी की भागीदारी जरूरी है. विवाह सम्मेलन पूरी तरह से निःशुल्क है और पैसों की बबार्दी को रोकने की दिशा मे बड़ी पहल है.

बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे. जानकारी के अनुसार अभी तक 80 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है. इतनी बड़ी संख्या में सामुहिक विवाह सम्मेलन में शादी होना फिजूल खर्ची रोकने को लेकर बड़ा संदेश समाजजनों द्वारा दिया जा रहा है.

पंपिंग लाइन क्षतिग्रस्त, 90 गांवों की जल आपूर्ति ठप

कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही से 12 लाख लीटर पानी बर्बाद हुआ

नवभारत न्यूज

जीरापुर/छापीहेड़ा 21 अप्रैल, का. कुंडालिया पेयजल परियोजना अन्तर्गत मेन पंपिंग 450 मिमी व्यास की पाइपलाइन को पीडब्लूडी एनएच विभाग के सारन कंस्ट्रक्शन द्वारा झाड़मऊ एवं मोहन के मध्य क्षतिग्रस्त कर दिया गया है.

उक्त पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने के कारण शेखनपुरा एमबीआर के अंतर्गत खिलचीपुर एवं जीरापुर ब्लॉक के लगभग 90 गांवों की जल आपूर्ति बाधित हो गई है. साथ ही लगभग 12 लाख लीटर फिल्टर पानी की बर्बादी हो गई है. पाइपलाइन के मरम्मत कार्य में लगभग 3 से 4 दिवस का समय लगने का अनुमान है.

इस अवधि में संबंधित क्षेत्रों में जल आपूर्ति बाधित रहेगी. मौके पर पहुंचे विभाग के अधिकारियों ने तत्काल डायल 112 बुलाकर पंचनामा तैयार किया एवं संबंधित ठेकेदार पर नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 152 में कार्यवाही की जाएगी.

जनकल्याण के लिए हवन यज्ञ का शुभारंभ किया

नवभारत न्यूज

जीरापुर 21 अप्रैल, सं. श्री सिद्धेश्वर महादेव संकट मोचन बालाजी मंदिर थाना परिसर पर हनुमान जन्मोत्सव से जन कल्याण के लिए हवन यज्ञ प्रारंभ हुआ. यह श्री राम मारुति हवन जो कि सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को रात्रि 8.30 बजे से प्रारंभ होकर कर 10.30 बजे तक चलता है.

इस हवन के आयोजक स्वयं श्री बालाजी महाराज है. मुख्य पुजारी नितेश शर्मा कथा वाचक पंडित अनुराग कृष्णजी महाराज एवं देवेंद्र शर्मा के द्वारा यजमान के माध्यम से आहुतियां देकर जन कल्याण की कामना करते हैं. जहां नगर के अलावा हवन में यजमान बाहर से भी शामिल हो रहे है. जन कल्याण के साथ साथ जो यजमान हवन आहुतियां एवं पूजन में शामिल होते हैं ईश्वर उस भक्त की मनोकामना पुर्ण करते है.

बीती रात्रि में सोमवार के हवन के यजमान राहुल गुर्जर थे. साथ ही हवन में रामेश्वर टांक, दिनेश जमींदार, मोहनसिंह राजपूत सम्मिलित हुए. जिन्होंने हवन में शामिल होकर ईश्वर से सबके कल्याण सबके अच्छे के लिए प्रार्थना की.

जनगणना : पचोर तहसीलदार और तलेन सीएमओ को नोटिस

मंगलवार को कलेक्टर ने बैठकों में एक दर्जन को नोटिस थमाए

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 21 अप्रैल, का. कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा मंगलवार को जिले में संचालित जनगणना कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में स्वगणना प्रगणकों को जॉइनिंग लेटर वितरण, किट वितरण एवं तकनीकी टीम के गठन की चार्जवार समीक्षा की गई.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए गंभीरता एवं सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए. बैठक में स्वगणना की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की. इस संबंध में सीएमओ तलेन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. साथ ही पचोर तहसीलदार को भी कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रगणकों को समय पर जॉइनिंग लेटर एवं किट उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्य में कोई बाधा न आए. तकनीकी टीम का गठन शीघ्र पूर्ण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए गए. उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें एवं प्रगति की दैनिक समीक्षा सुनिश्चित करें, ताकि जिले में जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो सके.

आवास योजना की समीक्षा, आधा दर्जन को नोटिस

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में निर्माण कार्यों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए वर्ष 2025-26 में 40 दिवस की अवधि में प्रतिदिन औसतन 54 आवास पूर्ण किए जाने की जानकारी प्रस्तुत की गई. आवास प्लस के अंतर्गत जनपद पंचायत खिलचीपुर, ब्यावरा, सारंगपुर, नरसिंहगढ़ एवं राजगढ़ में ऑर्डर शीट तैयार नहीं किए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित ब्लॉक समन्वयकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए.

आस्था | **खिलचीपुर में रियासतकालीन चिंतामन गणेश प्रतिमा ने चोला छोड़ा, दर्शन के लिए उमड़े लोग**

300 साल बाद पाषण स्वरूप में दर्शन दिए चिंतामन गणेश ने

चतुर्भुज स्वरूप में रूद्राक्ष माला जपते हुए नजर आए

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 21 अप्रैल, सं. नगर की विरासत और पहचान देने वाले चिंतामन गणेश ने करीब 300 साल बाद चोला छोड दिया. उनकी पाषाण प्रतिमा सामने आई है जिसमें वे चतुर्भुज स्वरूप में रूद्राक्ष माला का जाप करते नजर आ रहे है. कौतूलहल और असीम श्रद्धा के साथ लोग दर्शनों के लिए जुट रहे है. रियासत चिंतामण गणेश मंदिर में सोमवार देर रात यह घटना हुई है.

मंदिर में स्थापित करीब 300 साल पुरानी गणेश प्रतिमा ने अचानक अपना चोला छोड़ दिया. वर्षों से सिंदूर चढ़ने के कारण प्रतिमा का मूल स्वरूप स्पष्ट नहीं था, लेकिन चोला उतरते ही भगवान गणेश की वास्तविक और दुर्लभ आकृति सामने आ गई, जिससे श्रद्धालु चकित रह गए.

अब प्रतिमा का मूल स्वरूप नजर आ रहा था. भगवान के दूसरे हाथ में पांच लड्डू हैं, जिन्हें वे अपनी सूंड से ग्रहण करते दिख रहे हैं. तीसरे हाथ में कमल का फूल और चौथे हाथ में फरसा धारण किए हुए हैं. यह दुर्लभ स्वरूप भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया है. खिलचीपुर रियासत को 1544 में खींची राजपूत राजा दीवान उग्र सेन द्वारा स्थापित किया गया था. यह नगर अपनी ऐतिहासिक विरासत, पुरानी वास्तुकला के लिए जाना जाता है. ब्रिटिश काल- ब्रिटिश शासनकाल के दौरान, खिलचीपुर मध्य भारत एजेंसी के अंतर्गत एक रियासत थी, जहाँ के शासक राव बहादुर कहलाते थे और उन्हें 9 तोपों की सलामी का अधिकार था.

नर्मदा नदी में करेंगे चोले का विसर्जन

मंदिर के पास रहने वाले रामबाबू गुप्ता, मोहन गुप्ता और श्याम गुप्ता ने बताया कि उनका परिवार लगभग 60 साल पहले रामगढ़ से यहां आया था. उस समय यह मंदिर एक कच्चे चबूतरे पर छतरी के नीचे था. उनके माता-पिता भंवरी बाई और जगन्नाथ जी ने मंदिर की सेवा शुरू की और गणेश चतुर्थी पर 10 दिवसीय उत्सव की परंपरा डाली, जो आज भी जारी है. श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए वर्ष 2016 में मंदिर का पुनर्निर्माण तमिलनाडु शैली में कराया गया था. मंदिर समिति के अनुसार, अब कुछ दिनों तक प्रतिमा का जल और पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा. इसके बाद नए चोले और आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा. पुराने चोले का विसर्जन ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी में किया जाएगा.

प्लांट से बाहर जाने वाले वाहनों की होगी चेकिंग

सारनी। सतपुड़ थर्मल पावर प्लांट के बाहर आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की जायेगी, हालांकि पावर प्लांट के अंदर सामग्री लेकर वापसी पर वाहन की चेकिंग की जाती है। उपरोक्त उदगार मुख्य सुरक्षा अधिकारी एस के राघव ने सीएचपी चेक पोस्ट पर खाली वाहन के केबीन पर छुपा कर स्क्रैप ले जाते समय वाहन की चेकिंग के दौरान पकड़े जाने के बाद चेकिंग व्यवस्था को चाक चौबंद किया है। सुरक्षा अधिकारी श्री राघव ने कहा कि विगत दिनों सीएच पी विभाग के चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान केबिन पर कोयले के अंदर खराब स्क्रैप आता है।